NT>

Title: Need to ensure proper maintenance of National Highway No. 7 between Jabalpur and Bargi in Madhya Pradesh.

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी) : अध्यक्ष महोदय, राट्रीय राजमार्ग क्र. 7 में मध्य प्रदेश के जबलपुर से बरगी तक लगभग 25 कि.मी. मार्ग काफी जर्जर है। इसमें बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। यह संपूर्ण जर्जर मार्ग रा.रा. उप संभाग जबलपुर के अंतर्गत है। इस देश के सबसे लम्बे तथा महत्वपूर्ण राजमार्ग का इतना हिस्सा अनेक वर्ाों से खराब है। अनेकों बार शिकायतें हुई तथा लोक सभा में भी इसके सुधार की मांग रखी गई, परंतु परिणाम कुछ नहीं निकला। हर वर्ा बरसात के बाद इस मार्ग में धीमी गति से थिगड़े लगने का कार्य प्रारंभ होता है, जो अगली वर्ाा आने तक पूर्ण नहीं हो पाता है और मार्ग की हालत वर्ा दर वर्ा खराब होते-होते आज इस स्थिति में पहुंच गई है कि यह यातायात के लायक ही नहीं बचा है। इस वर्ा पुनः धीमी गति से इसकी मरम्मत का कार्य जारी है।

मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि इस मार्ग का तीव्र गति से नव निर्माण कराने का कट करे।